<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 12.10.2024

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 11/12.10.2024 को 05 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 14 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

01.➡थाना जहाँगीराबाद पुलिस टीम द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 300 ग्राम अवैध मारफीन बरामद-

थाना जहाँगीराबाद पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 12.10.2024 को अभियुक्त हासिम उर्फ पीण्डा पुत्र गाजी हसन निवासी ग्राम सदरुद्दीनपुर थाना जहाँगीराबाद जनपद बाराबंकी को चन्दन होटल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 300 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना जहाँगीराबाद पर मु0अ0सं0 316/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

02.➡ थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 04 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 12.10.2024 को मु0अ0सं0 911/24 धारा 115(2)/352/109/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. अमरेन्द्र यादव उर्फ वीरेन्द्र उर्फ बिन्द्रा पुत्र रामसागर 2. रामसागर पुत्र वीराजी उर्फ बृजलाल 3. अमित कुमार उर्फ खम्भा पुत्र जगन्नाथ 4. चन्दन पुत्र रामसागर निवासीगण ग्राम भूहेरा थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को सफेदाबाद क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।